प्रेषक,

अर्थ नियन्त्रक एंव सचिव,
प्रबन्ध मण्डल,
चन्द्र शेखर आजाद कृषि एंव प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, कानपुर–208 002

सेवा में,

1. कुलपति, – अध्यक्ष
चन्द्रशेखर आजाद कृषि एंव प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, कानपुर–2

2. प्रमुख सचिव, (वित्त), – सदस्य
उत्तर प्रदेश शासन,
सचिवालय, लखनऊ ।

3. सचिव, (उच्च शिक्षा), – सदस्य
उत्तर प्रदेश शासन,
सचिवालय, लखनऊ ।

4. सचिव, (कृषि), – सदस्य
उत्तर प्रदेश शासन,
सचिवालय, लखनऊ ।

5. कृषि निदेशक, – सदस्य
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

6. निदेशक पशुपालन, – सदस्य
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

7. डा0ए0के0रहेजा, – सदस्य
अतिरिक्त महानिदेशक, (ई एण्ड बीसी),
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ।

8. श्री अकबर अली, विधायक, – सदस्य
उरई, गनेशगंज, जालौन ।

9. श्री अमरजीत सिंह, जनसेवक, – सदस्य
विधायक,
ग्राम–अदमापुर, पोस्ट–कोरसम, बिन्दकी
जिला–फतेहपुर (117/520, पाण्डुनगर, कानपुर)

10. श्री कमलेश कुमार पाठक, – सदस्य
एम0एल0सी0, मण्डारीपुरा, इटावा ।

11. श्री हरिगोविन्द सिंह कुशवाहा, – सदस्य
ग्राम व पोस्ट–टेहरौली, झाँसी ।

संख्याः सीएसयूपी/सी–113-23 /बोर्ड–96 /

दिनांकः 23/1, 1995

महोदय,

विश्वविद्यालय के प्रबन्ध मण्डल की 96वीं बैठक दिनांक 23.12.1994 जो उ0प्र0 कृषि अनुसंधान परिषद, निराला नगर, लखनऊ में सम्पन्न हुई थी, की बैठक की कार्यवृत्त आपके अवलोकनार्थ प्रेषित की जा रही है ।

संलग्नक–यथोपरि ।

भवदीय,

23/1/95

(सुन्दर लाल)
अर्थ नियन्त्रक एंव सचिव प्रबन्ध मण्डल

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रबन्ध मण्डल की 96वीं बैठक की कार्यवाही

दिनांकः23.12.94 समयः 11.30 पूर्वान्ह

स्थानः समिति कक्ष, उ0प्र0कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ ।

उपस्थिति :-

1.	डा0 इन्द्र पाल सिंह यादव कुलपति	अध्यक्ष
2.	श्री अकबर अली विधायक	सदस्य
3.	श्री हरि गोविन्द सिंह कुशवाहा	सदस्य
4.	श्री राजीव यादव विशेष सचिव (उच्च शिक्षा)	सदस्य (सचिव उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि)
5.	श्री ए0के0 अवस्थी संयुक्त सचिव (वित्त)	सदस्य (प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधि)
6.	श्री चन्द्र प्रकाश मिश्र संयुक्त सचिव (कृषि)	सदस्य (कृषि सचिव के प्रतिनिधि)
7.	श्री सुन्दर लाल, अर्थ नियंत्रक	सचिव

कुलपति एवं अध्यक्ष ने नये मनोनीत सदस्य श्री अकबर अली, विधायक एवं श्री हरि गोविन्द सिंह कुशवाहा का प्रथम बैठक में भाग लेने पर स्वागत किया एवं आशा व्यक्त की कि हमारे नये मनोनीत सदस्य विश्वविद्यालय के रचनात्मक कार्यो में सहयोग प्रदान करेंगे ।

मद सं-1 **प्रबन्ध मण्डल की गत 10.10.94 को सम्पन्न हुई बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन ।**

प्रबन्ध मण्डल ने गत बैठक की कार्यवाही निम्न निर्देश के साथ अनुमोदन प्रदान किया ।
मद सं0 3(1) विश्वविद्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों पर विघुत बकाये का विस्तृत विवरण आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये ।

प्रबन्ध मण्डल के समक्ष बकाये की सूची प्रस्तुत की गई । प्रबन्ध मण्डल ने निर्देश दिया कि उक्त बकाये की धनराशि वेतन से किस्तों में काट ली जाय ।

मद सं0 पूरक-1: **चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के वित्तीय लेखों से संबंधित खातों को विश्वविद्यालय परिसर के बाहर स्थित राष्ट्रीय कृत बैंकों में खोले जाने का अनुमोदन प्रदान किये जाने का प्रस्ताव ।**

बैंक ऑफ बड़ौदा, अशोक नगर कानपुर द्वारा सावधि जमा में डिपाजिट एट नोटिस की विशेष सुविधा देने का प्रस्ताव दिया है । अतः आवश्यकता होने पर बैंक ऑफ बड़ौदा अशोक नगर, कानपुर में खाता खोल लिया जाय ।

मद सं0पूरक-2 **पशु चिकित्सा विज्ञान एंव पशुपालन महाविद्यालय, मथुरा प्रांगण में उपलब्ध प्रतिरक्षा विभाग की भूमि के अधिक भाग के बदले में अन्य भूमि के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में प्रस्ताव ।**

अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा विज्ञान एंव पशुपालन महाविद्यालय, मथुरा को लिखा जाय कि वे निर्देशानुसार भूमि का मूल्याकन कराकर प्रस्ताव एक माह के अन्दर भेज दें । अगली बैठक में इसकी प्रगति से अवगत कराया जाय ।

मद सं0 पूरक-4 **प्रसार निदेशालय की प्रिंटिंग प्रेस योजना में स्वीकृत मशीन मैन एक पद तथा कम्पोजीटर-2 पद के पदनाम बदलकर क्रमशः आफसेट आपरेटर तथा प्लेट मेकर व फीडर मैन करने हेतु बोर्ड का अनुमोदन ।**

इसकी कार्यवाही अगली बैठक में अवश्य प्रस्तुत की जाय ।

मद सं0 2 **प्रबन्ध मण्डल की गत 10.10.94 को सम्पन्न हुई बैठक में लिये गये निर्णयो पर कृत कार्यवाही ।**

प्रबन्ध मण्डल को कृषि अभियांत्रिकी एंव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, इटावा की प्रगति आख्या प्रस्तुत की गई एंव गत बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से अवगत कराया गया ।

मद सं0 3 **फर्रूखाबाद व मैनपुर जनपदों में कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना हेतु प्रबन्ध मण्डल की सम्पन्न बैठक दिनांक 26.5.94 की कार्यवृत्ति का अनुमोदन दिनांक 15.6.94 में सम्पन्न हुई बैठक के मद सं0-3 के तारतम्य में एंव वर्तमान में चल रहे केन्द्र, थरियॉव (फतेहपुर), दरियापुर (रायबरेली), अलीगढ़, भरारी (झॉसी) तथा मथुरा के लिये भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषण के नवीन तरीके अनुमोदन हेतु ।**

प्रबन्ध मण्डल ने अनुमोदन इस शर्त के साथ प्रदान किया कि अलीगढ़ का स्टाफ सभी केन्द्रो में जहॉ जगह रिक्त हो समायोजित किया जाय । वित्त पोषण के नवीन तरीके में दस वर्ष बाद राज्य सरकार/विश्वविद्यालय की देयता है । विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थित अच्छी नहीं है अतः शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के पदों को वर्तमान स्टाफ को स्थानान्तरित/समायोजित/नियुक्ति करके ही भरा जाय ।

मद सं0 4: **विश्वविद्यालय में परीक्षा नियन्त्रक, वेतनमान रू0 3000-4500, स्टाफ आफीसर टू वाइसचान्सर वेतनमान 3000-4500 एंव जन सम्पर्क अधिकारी वेतनमान 2000-4000 के पदों का सृजन का प्रस्ताव ।**

प्रबन्ध मण्डल ने परीक्षा नियंत्रक वेतनमान 3000-4500 एंव स्टाफ आफीसर टू वाइसचान्लर वेतनमान 3000-4500 के पदों के सृजन पर अपना अनुमोदन प्रदान किया । इन पदों को समकक्ष वेतनमान के विश्वविद्यालय स्टाफ/प्रतिनियुक्त द्वारा अथवा राज्य विश्वविद्यालयों के लिए शासन द्वारा लिये जाने वाले निर्णय के तहत भरा जाय ।

अन्य प्रस्ताव

पूरक प्र0-1: **नियुक्ति सम्बन्धी प्रस्ताव ।**

प्रबन्ध मण्डल ने चयन समिति की अनुशंसा पर डा0 बी0जी0यादव, प्रमुख वैज्ञानिक, वेतनमान रू0 4500-7300 सी0आइ0ए0ई0, भोपाल की अधिष्ठाता, कृषि अभियांत्रिकी एंव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, इटावा के पद पर नियुक्ति पर अपना अनुमोदन प्रदान किया ।

पूरक प्र02: **क्षेत्रीय समन्वयक कार्यालय तकनीकी संचार परियोजना (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) को कार्यालय एव आवासीय भवन हेतु दो हेक्टेयर भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव ।**

प्रबन्ध मण्डल ने अपना अनुमोदन प्रदान किया तथा निर्देश दिये कि भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव शासन को भेजकर अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाय ।

पूरक प्र03: **डा0 आर0के0सिंह, सहायक प्राध्यापक, कृषि अर्थशास्त्र द्वारा वर्ल्ड सोयाबीन रिसर्च कान्फ्रेन्स में 20.2.94 से 27.2.94 तक थाईलैण्ड में शोध पत्र प्रस्तुत करने की अनुमति एवं उस पर व्यय होने वाली राशि पर स्वीकृति पर विचार ।**

डा0 आर0के0 सिंह, सहायक प्राध्यापक, कृषि अर्थशास्त्र द्वारा वास्तविक रुप से व्यय की गई धनराशि रु0 44,000/- पर प्रबन्ध मण्डल ने अनुमोदन प्रदान किया ।

पूरक प्र04: **विश्वविद्यालय में प्रशासनिक अधिकारी के पद को स्थायीकरण करने के प्रस्ताव पर विचार ।**

प्रबन्ध मण्डल ने इस पर अपना अनुमोदन प्रदान किया तथा निर्देश दिया कि शासन के नियमों के अनुसार स्थायीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा जाय ।

बैठक के अन्त में अध्यक्ष की अनुमति से श्री अकबर अली, विधायक एवं सदस्य प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव रखा कि जालौन में एक कृषि विज्ञान केन्द्र खोले जाने की महती आवश्यकता है । इस पर प्रबन्ध मण्डल ने सहमत होते हुए निर्देश दिया कि इसके लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जाय ।

अन्त में बैठक अध्यक्ष को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हो गई ।

अनुमोदित

(**इन्द्र पाल सिंह यादव**)
कुलपति एवं अध्यक्ष
प्रबन्ध मण्डल

(**सुन्दर लाल**)
अर्थ नियंत्रक एवं सचिव
प्रबन्ध मण्डल